प्रेस-विज्ञप्ति

भारतीय तटरक्षक ने ओपीआरसी लेवल-II कोर्स का आयोजन किया

भारतीय तटरक्षक ने अमेटी विश्वविद्यालय के साथ मिलकर संयुक्त रूप से 29 अगस्त 16 से 02 सितंबर 16 तक 13वां ओपीआरसी आईएमओ लेवल-II कोर्स का आयोजन किया । कोर्स में विभिन्न तेल परिचालन एजेंसी, पोर्ट एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । अपने-अपने संगठन में तेल बिखराव पर प्रतिक्रिया करने वाले प्रतिभागियों को सीन कमांडर व पर्यवेक्षकों के कर्तव्यों के विषय में प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

भारतीय तटरक्षक द्वारा इस कोर्स का आयोजन औद्योगिक क्षेत्र के लिए बहुत ही मामूली शुल्क में चेन्नई में किया जाता है । कोर्स निदेशक कमांडेंट एस के सिंह ने बताया कि 1993 में ओपीआरसी समझौते की मंजूरी होने के पश्चात् ओपीआरसी समझौते के प्रावधानों के क्रियान्वयन की कड़ी में भारतीय तटरक्षक को केंद्रीय समन्वय एजेंसी के रूप में मनोनीत किया गया । इसके अध्यक्ष महानिदेशक, भारतीय तटरक्षक बनाये गये । 1996 में भारतीय तटरक्षक ने राष्ट्रीय तेल बिखराव आपात योजना की घोषणा की । तटरक्षक, तेल परिचालन एजेंसियों/पोर्टों को आई एम ओ लेवल-I एवं II में

2005 तथा 2009 से क्रमशः प्रशिक्षण प्रदान कर रही है । भारतीय तटरक्षक चेन्नई में आज तक आइएमओ लेवल-I में 405 तथा आइएमओ लेवल-II में 366 कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया है ।

वर्तमान में 29 अगस्त 2016 को अमेटी विश्वविद्यालय के कुलपति ने ओपीआरसी आईएमओ लेवल-II कोर्स का उद्घाटन किया । कमांडेंट एस के सिंह, समन्वयक ने मुख्य भाषण दिया । कोर्स 02 सितंबर 2016 को समाप्त हुआ । महानिरीक्षक राजन बड़गोत्रा, तटरक्षक पदक, कमांडर तटरक्षक क्षेत्र, पूर्व ने प्रतिभागियों एवं विजेताओं को पुरूस्कार व प्रमाण-पत्र प्रदान किया । कमांडर तटरक्षक क्षेत्र, पूर्व ने कोर्स के आयोजन में भारतीय तटरक्षक की सहायता करने के लिए अमेटी विश्वविद्यालय की भूमिका की प्रशंसा की । इन्होंने तेल एजेंसियों से भारतीय जलीय क्षेत्र में तेल विखराब की परिस्थिति में उचित उपाय करने के लिए जोर देकर कहा ।